अनुक्रमांक : ______________ नाम : ________________

**128** **321(IF)**

# 2025
# इतिहास
## (History)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्नपत्र में पाँच खण्ड हैं। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ख' में 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ग' में 6 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'घ' में 3 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं तथा खण्ड 'ङ' में 10 ऐतिहासिक तिथियों व 5 मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) There are five Sections in this question paper. Section A consists of 10 Multiple Choice Type questions, Section B consists of 5 Very Short Answer Type questions, Section C consists of 6 Short Answer Type questions, Section D consists of 3 Long Answer Type questions and Section E consists of 10 historical dates and 5 map related questions.

(iii) The marks of all the questions are mentioned against them.

## खण्ड 'क'

## SECTION - 'A'

**(बहुविकल्पीय प्रश्न / Multiple Choice Type Questions)**

1. हड़प्पा संस्कृति के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें : **1**

(क) जल निकासी व्यवस्था सामान्य और अनियोजित थी

(ख) सबसे विशिष्ट तत्व शहरी केन्द्रों का विकास था

(ग) बस्तियाँ दो भागों में विभक्त थीं अर्थात दुर्ग और निचला नगर

(घ) सड़कें ग्रिड पैटर्न पर आधारित नहीं थीं

इनमें से :

(i) केवल (क)

(ii) (क) और (ख)

(iii) (ख) और (ग)

(iv) (ग) और (घ)

*Consider the following statements regarding Harappan culture and choose correct option:* **1**

(a) The drainage system was simple and unplanned

(b) The most characteristic element was the development of urban centres

(c) The settlement is divided into two sections as the Citadel and Lower Town

(d) Roads were not based on grid pattern

*Of these:*

(i) Only (a)

(ii) (a) and (b)

(iii) (b) and (c)

(iv) (c) and (d)

2. अशोक के अभिलेखों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **1**

(क) अधिकांश अभिलेखों की भाषा प्राकृत है

(ख) अधिकांश अभिलेखों की लिपि ब्राह्मी है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा / से सत्य है / हैं ?

(i) केवल (क)

(ii) केवल (ख)

(iii) (क) और (ख) दोनों

(iv) इनमें से कोई नहीं

*Consider the following statements about Ashoka's inscriptions:* **1**

(a) The language of most of the inscriptions is Prakrit.

(b) The script of most of the inscriptions is Brahmi.

*Which of the above statements is/are true ?*

(i) Only (a)

(ii) Only (b)

(iii) Both (a) and (b)

(iv) None of these

3. तेलुगु ग्रन्थ 'अमुक्तमाल्यद' का सम्बन्ध किससे है ? **1**

(i) कृष्णदेवराय से

(ii) हरिहर और बुक्का से

(iii) विरुपाक्ष से

(iv) इनमें से कोई नहीं

*Telugu text 'Amuktamalyada' is related to* **1**

(i) Krishnadevaraya

(ii) Harihara and Bukka

(iii) Virupaksha

(iv) None of them

4. मुगलकाल में 'पोलज' किस प्रकार की भूमि होती थी ? **1**

(i) बंजर भूमि

(ii) ऐसी भूमि जो वर्ष भर उत्पादन के योग्य थी

(iii) बहुत कम उपजाऊ भूमि

(iv) 3 - 4 साल बाद प्रयोग में लायी जाने योग्य भूमि

*Which type of land was Polaj during the Mughal period ?* **1**

(i) Barren Land

(ii) Land capable of round the year production

(iii) Very little fertile land

(iv) Land usable after three-four years

5. स्थायी बन्दोबस्त (इस्तमरारी बन्दोबस्त) द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी को क्या लाभ हुए ? **1**

(i) कम्पनी पर राजस्व का अधिक बोझ आ गया

(ii) किसानों ने कम्पनी का सहयोग करना शुरू कर दिया

(iii) कम्पनी को लगान के रूप में निश्चित राशि मिलने लगी

(iv) इनमें से कोई नहीं

*What benefits did the East India Company get from the Permanent Settlement ?* **1**

(i) Increased revenue burden on the company

(ii) Farmers started co-operating with the company

(iii) The company started getting a fixed amount as rent

(iv) None of these

6. निम्नलिखित को सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन करें : **1**

अ) खिराज स) हल

ब) कुदाल द) दिकू

1) साहूकार

2) संथालियों का प्रतीक चिह्न

3) पहाड़ी लोगों का प्रतीक चिह्न

4) एक प्रकार का कर

विकल्प :

(i) अ-1, ब-2, स-3, द-4

(ii) अ-4, ब-3, स-1, द-2

(iii) अ-4, ब-3, स-2, द-1

(iv) अ-4, ब-1, स-2, द-3

*Select the correct option by matching the following :* **1**

a) Khiraj

b) Hoe (Kudal)

c) Plough

d) Diku

1) Moneylenders

2) Symbol of Santhali

3) Symbol of the Hill people

4) A type of tax

*Options:*

(i) a-1, b-2, c-3, d-4

(ii) a-4, b-3, c-1, d-2

(iii) a-4, b-3, c-2, d-1

(iv) a-4, b-1, c-2, d-3

7. 1857 ई० के विद्रोह का प्रमुख कारण था / थे ? **1**

1) चर्बी लगे कारतूस का प्रयोग

2) अंग्रेज नीतियों द्वारा भारतीयों का किया गया आर्थिक शोषण

विकल्प :

(i) केवल (1)

(ii) केवल (2)

(iii) न (1) सही न (2) सही

(iv) (1) और (2) दोनों सही

*The main reason(s) of the rebellion of 1857 A.D. was/were :* **1**

1) Use of greased cartridges
2) Economic exploitation of Indians by British policies

*Options:*

(i) Only (1)

(ii) Only (2)

(iii) Neither (1) nor (2) is correct

(iv) Both (1) and (2) are correct

8. व्यपगत का सिद्धान्त / राज्य हड़प नीति / विलय नीति को किसने लागू किया था ? **1**

(i) लार्ड डलहौजी

(ii) लार्ड विलियम बेंटिंक

(iii) लार्ड वेलेजली

(iv) लार्ड कर्जन

*Who introduced the Doctrine of Lapse ?* **1**

(i) Lord Dalhousie

(ii) Lord William Bentinck

(iii) Lord Wellesley

(iv) Lord Curzon

9. मेरठ छावनी में सन् 1857 ई० का विद्रोह कब आरम्भ हुआ ? **1**

(i) 20 मई, 1857

(ii) 18 मई, 1857

(iii) 8 मई, 1857

(iv) 10 मई, 1857

*When did the rebellion of 1857 A.D. start in Meerut Cantonment ?*
**1**

(i) 20th May, 1857

(ii) 18th May, 1857

(iii) 8th May, 1857

(iv) 10th May, 1857

10. गाँधीजी ने अपना पहला सत्याग्रह कहाँ से आरम्भ किया था ? **1**

(i) दक्षिण अमेरिका

(ii) दक्षिण अफ्रीका

(iii) दक्षिण भारत

(iv) इनमें से कोई नहीं

*From where did Gandhiji start his first Satyagraha ?* **1**

(i) South America

(ii) South Africa

(iii) South India

(iv) None of these

## खण्ड - 'ख'
## SECTION - 'B'

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न / Very Short Answer Type Questions)**

11. मेगस्थनीज कौन था ? उसके ग्रन्थ का क्या नाम था ? **2**

*Who was Megasthenes ? What was the name of his book ?* **2**

12. महावीर स्वामी कौन थे ? इनका प्रमुख सिद्धान्त क्या था ? **2**

*Who was Mahavir Swami ? What was his main principle ?* **2**

13. विठ्ठल मन्दिर कहाँ स्थित है ? उसका निर्माण किसने करवाया था ? **2**

*Where is Vitthal temple located ? Who built it ?* **2**

14. काकोरी काण्ड कब और कहाँ हुआ ? **2**

*When and where did the Kakori incident happen ?* **2**

15. उद्देश्य प्रस्ताव किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था ? किसके समक्ष कब प्रस्तुत किया गया था ? **2**

*By whom was the objective resolution presented ? When and to whom was it presented ?* **2**

## खण्ड - 'ग'

## SECTION - 'C'

**(लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions)**

16. सिन्धु घाटी सभ्यता के निवासियों के धार्मिक विश्वास पर टिप्पणी कीजिये। **5**

*Comment on the religious beliefs of the inhabitants of the Indus Valley Civilization.* **5**

17. एक सन्त के रूप में मीराबाई के जीवन पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। **5**

*Write a short note on the life of Mirabai as a saint.* **5**

18. विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेवराय पर एक टिप्पणी लिखिए। **5**

*Write a comment on King Krishnadevaraya of Vijayanagar Empire.* **5**

19. चौरी-चौरा की घटना क्या थी ? इसके परिणामस्वरूप कौन सा आन्दोलन वापस लिया गया ? **5**

*What was the Chauri-Chaura incident ? Which movement was withdrawn as a result of it ?* **5**

20. सुभाष चन्द्र बोस का स्वतन्त्रता आन्दोलन में क्या योगदान था ? **5**

*What was the contribution of Subhas Chandra Bose in the freedom movement ?* **5**

21. भारत के संविधान की चार विशेषताएँ बताइये। **5**

*Mention four features of the Constitution of India.* **5**

## खण्ड - 'घ'

## SECTION - 'D'

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions)**

22. अशोक का धम्म क्या था ? वर्णन कीजिए। **5 + 5 = 10**

**अथवा / OR**

वैदिक काल के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। **5 + 5 = 10**

*What was Ashoka's Dhamma ? Describe.* **5 + 5 = 10**

*OR*

*Briefly describe the social and economic life of the Vedic period.* **5 + 5 = 10**

23. चैतन्य महाप्रभु के बारे में लिखिए और उनकी शिक्षा का वर्णन कीजिए। **5 + 5 = 10**

**अथवा / OR**

कृषि इतिहास लिखने के लिये 'आइन-ए-अकबरी' को स्रोत के रूप में प्रयोग करने में कौन सी समस्याएँ हैं ? इतिहासकार इन समस्याओं से कैसे निपटते हैं ? **5 + 5 = 10**

*Write on Chaitanya Mahaprabhu and describe his teachings.* **5 + 5 = 10**

*OR*

*What are the problems in using Ain-e-Akbari as a source for writing agricultural history ? How do historians deal with these problems ?* **5 + 5 = 10**

24. सन् 1857 ई० की क्रान्ति के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिये। **10**

**अथवा / OR**

सविनय अवज्ञा आन्दोलन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये। **10**

*Describe the main reasons for the revolution of 1857 A.D.* **10**

*OR*

*Write a short note on Civil Disobedience movement.* **10**

## खण्ड - 'ङ'

## SECTION - 'E'

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए : **1 × 10 = 10**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क) | 185 ई०पू० | **1** | च) | 1919 ई० | **1** |
| ख) | 78 ई० | **1** | छ) | 1930 ई० | **1** |
| ग) | 1784 ई० | **1** | ज) | 1942 ई० | **1** |
| घ) | 1526 ई० | **1** | झ) | 1947 ई० | **1** |
| ङ) | 1801 ई० | **1** | ञ) | 1949 ई० | **1** |

*Mention the events related to the following historical dates :* **1 × 10 = 10**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| a) | 185 B.C. | **1** | f) | 1919 A.D. | **1** |
| b) | 78 A.D. | **1** | g) | 1930 A.D. | **1** |
| c) | 1784 A.D. | **1** | h) | 1942 A.D. | **1** |
| d) | 1526 A.D. | **1** | i) | 1947 A.D. | **1** |
| e) | 1801 A.D. | **1** | j) | 1949 A.D. | **1** |

26. मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न :
दिये गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिए $1 + 1$ अंक निर्धारित हैं। **2 × 5 = 10**

(i) वह स्थान जहाँ सिन्धु घाटी सभ्यता का बन्दरगाह था। $1 + 1 = 2$

(ii) वह स्थान जहाँ महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था। $1 + 1 = 2$

(iii) वह स्थान जहाँ 1857 ई० की क्रान्ति उत्तर प्रदेश में आरम्भ हुई। $1 + 1 = 2$

(iv) वह स्थान जहाँ शेख सलीम चिश्ती की दरगाह है। $1+1=2$

(v) वह स्थान जो स्वतन्त्र भारत की राजधानी है। $1+1=2$

*Question related with Map :*
*Show the following places on the outline map of India supplied to you by the symbol and also write their names. For correct name and correct location* $1+1$ *marks are allotted.* **2 × 5 = 10**

(i) The place where the port of the Indus Valley Civilization was located. $1+1=2$

(ii) The place where Mahatma Buddha was born. $1+1=2$

(iii) The place where the revolution of 1857 A.D. started in Uttar Pradesh. $1+1=2$

(iv) The place where the Dargah of Sheikh Salim Chishti is located. $1+1=2$

(v) The place which is the capital of Independent India. $1+1=2$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)**
**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए। **2 × 5 = 10**

(i) सिन्धु घाटी सभ्यता का बन्दरगाह कहाँ स्थित था ? **2**

(ii) महात्मा बुद्ध का जन्म किस स्थान पर हुआ था ? **2**

(iii) उत्तर प्रदेश में सन् 1857 की क्रान्ति कहाँ से आरम्भ हुई थी ? **2**

(iv) शेख सलीम चिश्ती की दरगाह कहाँ स्थित है ? **2**

(v) स्वतन्त्र भारत की राजधानी कहाँ स्थित है ? **2**

*(Only for Vision Impaired Examinees in lieu of Q.No. 26 for Map Work)*
*Instruction: Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.* **2 × 5 = 10**

(i) Where was the port of Indus Valley civilization located ? **2**

(ii) Where did Gautam Buddha born ? **2**

(iii) Where did the revolution of 1857 start in Uttar Pradesh ? **2**

(iv) Where is the Dargah of Sheikh Salim Chishti located ? **2**

(v) Where is the capital of independent India located ? **2**